विषय कोड : 
Subject Code : **105**

प्रश्न पत्र सेट कोड
Question Paper Set Code
**I**

# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION
## 2020 – (ANNUAL)
## SANSKRIT ( SIL )
## संस्कृत ( SIL )

105.
प्रश्न पत्र क्रमांक
Question Paper Serial No.

कुल प्रश्नों की संख्या : 60 + 5 = 65
**Total No. of Questions : 60 + 5 = 65**

कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 20
**Total No. of Printed Pages : 20**

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)
[ Time : 3 Hours 15 Minutes ]

(पूर्णांक : 100)
[ Full Marks : 100 ]

---

*परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :*

1. *परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*
2. *दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।*
3. *इस प्रश्नपत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।*
4. *यह प्रश्नपत्र दो खण्डों में है — __**खण्ड-अ**__ एवं __**खण्ड-ब**__।*
5. ***खण्ड-अ में 60 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं।** इनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना है। यदि कोई परीक्षार्थी 50 से अधिक प्रश्नों का उत्तर देते हैं तो प्रथम 50 प्रश्नों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है। इनका उत्तर उपलब्ध कराये गए **OMR** उत्तर-पत्रक में दिए गए सही वृत्त को नीले / काले बॉल पेन से भरें। **किसी भी प्रकार के व्हाइटनर / तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर-पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।***
6. ***खण्ड-ब में कुल 5 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं।** प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्धारित हैं।*
7. *किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।*

---

## खण्ड - अ

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न संख्या 1 से 60 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है । इन 60 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर-पत्रक पर चिह्नित करें ।** **50 × 1 = 50**

1. "गृहात् बहिः उद्यानम् अस्ति ।" यहाँ रेखांकित पद में कौन-सी विभक्ति प्रयुक्त है ?

(A) प्रथमा (B) पंचमी

(C) द्वितीया (D) सप्तमी

2. अलम् ( मत करो ) के अर्थ में कौन-सी विभक्ति है ?

(A) पंचमी (B) तृतीया

(C) षष्ठी (D) सप्तमी

3. किस शब्द में 'परि' उपसर्ग है ?

(A) परिहार (B) प्रहार

(C) पराहार (D) प्रतिकार

4. 'प्रत्याशा' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है ?

(A) प्र (B) प्रत्या

(C) प्रति (D) आशा

5. 'भू' धातु के लोट् लकार मध्यम पुरुष एकवचन का रूप कौन-सा है ?

(A) भव
(B) भवन्तु
(C) भवतु
(D) भवत

6. 'लता' शब्द के तृतीया बहुवचन का रूप कौन-सा है ?

(A) लतया
(B) लताभ्याम्
(C) लताभिः
(D) लता

7. 'वच् + क्त्वा' से कौन-सा शब्द बनेगा ?

(A) उक्त्वा
(B) वचयित्वा
(C) वक्त्वा
(D) ब्रूत्वा

8. 'सहनीयः' में कौन-सा प्रत्यय है ?

(A) अनीयर्
(B) तव्यत्
(C) यत्
(D) इनमें से कोई नहीं

9. 'श्रीमान्' में कौन-सा तद्धित प्रत्यय है ?

(A) घञ्
(B) मतुप्
(C) णिनि
(D) तल्

10. 'लौकिकः' में कौन-सा प्रत्यय है ?

(A) इक

(B) आक

(C) ठक्

(D) थाल्

11. सबसे बड़ा शत्रु कौन है ?

(A) क्षमा

(B) आलस्य

(C) क्रोध

(D) लोभ

12. वास्तविक आलसियों की संख्या कितनी थी ?

(A) 5

(B) 6

(C) 4

(D) 3

13. 'अलस कथा' पाठ के रचयिता कौन हैं ?

(A) विद्यापति

(B) महात्मा विदुर

(C) कृष्ण

(D) इनमें से कोई नहीं

14. ऋग्वेद में कितनी महिला ऋषिकाओं का वर्णन प्राप्त है ?

(A) 24

(B) 25

(C) 23

(D) 26

15. 'शंकरचरित' के रचनाकार कौन हैं ?

(A) पण्डिता क्षमाराव
(B) वनमाला भवालकर
(C) विजयांका
(D) मिथिलेश कुमारी मिश्र

16. कालिदास ने किस नदी का वर्णन किया है ?

(A) बूढ़ी गंगा
(B) मन्दाकिनी
(C) यमुना
(D) कावेरी

17. बूढ़े बाघ के हाथ में क्या था ?

(A) सोने का कंगन
(B) चाँदी का कंगन
(C) ताँबे का कंगन
(D) लकड़ी का कंगन

18. दानवीर कौन था ?

(A) कर्ण
(B) इन्द्र
(C) कृष्ण
(D) अर्जुन

19. ईर्ष्या और असहिष्णुता किसको उत्पन्न करते हैं ?

(A) शांति
(B) अशांति
(C) सुख समृद्धि
(D) प्रेम ।

20. कर्मकांड का वर्णन करनेवाले ग्रंथ कौन हैं ?

(A) शिक्षा
(B) कल्प
(C) व्याकरण
(D) निरूक्त

21. सत्य का मुख किससे ढँका है ?

(A) असत्य से
(B) हिरण्यमय पात्र से
(C) स्वार्थ से
(D) अशांति से

22. 'सत्यमेव जयते' किस उपनिषद् का मूलमंत्र है ?

(A) ईशावास्योपनिषद्
(B) वृहदारण्यकोपनिषद्
(C) मुण्डकोपनिषद्
(D) कठोपनिषद्

23. किसके काल में पाटलिपुत्र की रक्षा-व्यवस्था उत्कृष्ट थी ?

(A) चन्द्रगुप्त मौर्य
(B) समुद्रगुप्त
(C) कुमारगुप्त
(D) इनमें से कोई नहीं

24. सिक्खों के दसवें गुरु कौन थे ?

(A) गुरु नानक
(B) गुरु तेगबहादुर
(C) गुरु गोविन्द सिंह
(D) गुरु रामदास

25. पाटलिपुत्र किस प्रांत की राजधानी थी ?

(A) बिहार
(B) केरल
(C) झारखंड
(D) पश्चिम बंगाल

26. 'अलिखत्' किस लकार का रूप है ?

(A) लट्
(B) लङ्
(C) विधिलिंग
(D) लोट्

27. 'पचेत्' किस धातु का रूप है ?

(A) पच्
(B) पाच्
(C) पचे
(D) पचि

28. 'अकुर्वन्' में कौन-सी धातु है ?

(A) अकृ
(B) कृ
(C) अकर्
(D) अक्

29. 'मतिषु' में कौन सी विभक्ति है ?

(A) पंचमी
(B) षष्ठी
(C) सप्तमी
(D) चतुर्थी

30. भवतः किस शब्द का रूप है ?

(A) भू
(B) भव्
(C) भवत्
(D) भवति

31. कर्मवीर कौन था ?

(A) राम प्रवेश राम (B) दुर्योधन

(C) अर्जुन (D) वीरेश्वर

32. लक्ष्मी किसका वरण करती है ?

(A) मूर्ख (B) उद्योगी पुरुष

(C) लोभी (D) क्रोधी

33. 'व्याघ्रपथिक कथा' किस ग्रन्थ से उद्धृत है ?

(A) हितोपदेश (B) पंचतंत्र

(C) नीतिशतक (D) नीतिश्लोकाः

34. स्वामी दयानंद का बचपन का नाम क्या था ?

(A) दयाशंकर (B) मूलशंकर

(C) गौरीशंकर (D) प्रमोदशंकर

35. स्वामी दयानंद की शिक्षा की शुरुआत किस भाषा माध्यम से हुई ?

(A) संस्कृत (B) हिन्दी

(C) उर्दू (D) इनमें से कोई नहीं

6. 'मनोरथः' का संधि-विच्छेद क्या होगा ?

(A) मन + रोथः

(B) मनो + रथः

(C) मनः + रथः

(D) मन + रथः

7. 'महा + ईशः' की संधि होगी

(A) माहेशः

(B) महेशः

(C) महाईशः

(D) मह्शः

38. 'अ + इ' के मेल से कौन-सा नया वर्ण बनेगा ?

(A) अ

(B) ए

(C) ओ

(D) अइ

39. 'भाग्योदय' में कौन-सी संधि है ?

(A) गुण

(B) दीर्घ

(C) अयादि

(D) वृद्धि

40. 'लम्बोदरः' में कौन-सा समास है ?

(A) कर्मधारय

(B) बहुव्रीहि

(C) द्वन्द्व

(D) द्विगु

41. किसकी महिमा सर्वत्र गायी जाती है ?

(A) श्रीलंका

(B) भूटान

(C) भारत

(D) बांग्लादेश

42. भारत की शोभा से कौन प्रसन्न होते हैं ?

(A) ईश्वर

(B) दैत्य

(C) आलसी

(D) क्रोधी

43. शैशव-संस्कार कितने हैं ?

(A) 6

(B) 5

(C) 4

(D) 3

44. चरित्र का निर्माण किससे होता है ?

(A) संस्कारों से

(B) वैर-भावना से

(C) अशांति से

(D) इनमें से कोई नहीं

45. अंत्येष्टि संस्कार कब होता है ?

(A) मरने के वाद

(B) जन्म के पहले

(C) शिक्षा-प्राप्त करते समय

(D) विवाह के पहले

46. 'मित्र + तल्' का निष्पन्न रूप है

(A) मित्रतला
(B) मित्रता
(C) मित्रतलता
(D) मैत्री

47. त्रयः ______ चरन्ति ।'' खाली स्थान में उचित विकल्प क्या होगा ?

(A) मृगवः
(B) मृगानि
(C) मृगाः
(D) मृग

48. 'श्रु + तुमुन्' का निष्पन्न रूप क्या होगा ?

(A) श्रुतम्
(B) श्रोतुम्
(C) श्रुति
(D) श्रुत

49. 'वृद्धः' का प्रकृति प्रत्यय क्या होगा ?

(A) वृध् + क्त
(B) वृध् + तुम्
(C) वृध् + तल्
(D) इनमें से कोई नहीं

50. 'शताब्दी' कैसा समास है ?

(A) द्वन्द्व
(B) द्विगु
(C) तत्पुरुष
(D) बहुव्रीहि

51. 'एकम् एकम् इति' का समस्त पद क्या होगा ?

(A) एकैकम्
(B) प्रत्येकम्
(C) एकेति
(D) एकाएकम्

52. तत्पुरुष समास का उदाहरण कौन-सा है ?

(A) धनहीन:
(B) सचित्रम्
(C) यथाशक्ति
(D) पितरौ

53. 'चराचरम्' में कौन-सा समास है ?

(A) द्वन्द्व
(B) तत्पुरुष
(C) अव्ययीभाव
(D) बहुव्रीहि

54. 'दानार्थे चतुर्थी' सूत्र का उदाहरण है

(A) माता रमेशाय भोजनं यच्छति
(B) मह्यम् मोदकं रोचते
(C) गृहात् बहिः गणेशः गच्छति
(D) आचार्यात् वेदं पठति

55. 'सह' पद के योग में कौन-सी विभक्ति लगती है ?

(A) चतुर्थी
(B) पंचमी
(C) तृतीया
(D) प्रथमा

56. 'गोदान' किस संस्कार का मुख्य कर्म है ?

(A) विवाह (B) केशान्त

(C) अक्षरारम्भ (D) अंत्येष्टि

57. 'नीतिश्लोकाः' पाठ महाभारत के किस पर्व से संकलित हैं ?

(A) वन पर्व (B) उद्योग पर्व

(C) शांति पर्व (D) भीष्म पर्व

58. महाराज धृतराष्ट्र के प्रश्नों का समुचित उत्तर कौन देते हैं ?

(A) मंत्री विदुर (B) दुर्योधन

(C) अर्जुन (D) कृष्ण

59. 'अपृष्टां बहुभाषते' किस पाठ की उक्ति है ?

(A) नीतिश्लोकाः (B) मन्दाकिनीवर्णनम्

(C) अलसकथा (D) मंगलम्

60. परम तृप्ति देने वाली क्या है ?

(A) विद्या (B) लोभ

(C) क्रोध (D) दीर्घसूत्रता

## खण्ड - ब

## विषयनिष्ठ प्रश्न

## अपठित गद्यांश ( 13 अंक )

1. अधोलिखित गद्यांशों को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दें -

(अ) एकः टोपिकाविक्रेता अनेकवर्णाः टोपिकाः विक्रीणाति स्म । एकस्मिन् दिने श्रान्तः सः एकस्य वृक्षस्य शीतलायां छायायाम् उपविशत् । शनैः शनैः निद्रा तम् स्ववशे अकरोत् । सः पुटकं शिरस्तले निधाय अस्वपत् । वृक्षे स्थिताः वानराः विविधवर्ण युक्ताः टोपिकाः पुटके दृष्ट्वा अधः अवतरन् । शनैः-शनैः ते पुटकात् टोपिकाः निष्कास्य शिरसि धारयित्वा वृक्षम् आरोहन् । प्रबुद्धः टोपिकाविक्रेता यदा उपरि पश्यति तदा रक्तनीलवर्णाः टोपिकाः धारयन्तः वानरान् पश्यति । "हा देव ! नष्टाः मे सर्वाः टोपिकाः !" इति विलपन् सः आत्मनः शिरसि धारितां टोपिकाम् अपि वेगेन भूमौ क्षिपति कथयति च – 'रे दुष्टाः ! एताम् अपि नयता' प्रकृत्या अनुकरणशीलाः वानराः अपि स्वटोपिकाः भूमौ प्रक्षिप्तवन्तः । आश्चर्यचकितः सः सर्वाः टोपिकाः विचित्य, स्वपुटके स्थापयित्वा प्रसन्नः भूत्वा गृहं प्रति अचलत् ।

I. एकपदेन उत्तरत – $2 \times 1 = 2$

(क) टोपिकाविक्रेता काः विक्रीणाति स्म ?

(ख) प्रकृत्या वानराः कीदृशाः भवन्ति ?

II. पूर्णवाक्येन उत्तरत - 2 × 2 = 4

(क) प्रबुद्धः टोपिकाविक्रेता वृक्षे किम् अपश्यत् ?

(ख) टोपिकाविक्रेता वानरान् किम् कथयति ?

III. अस्य गद्यांशस्य एकं समुचितं शीर्षकं लिखत । 1

**अथवा**

महात्मा गांधी भारतस्य राष्ट्रपिता कथ्यते । तस्य जन्म गुजरात-राज्यस्य पोरबन्दरनामकं स्थले अभवत् । तस्य पिता कर्मचन्दः माता च पुतलीबाई आस्ताम् । गांधिनः बाल्यनाम मोहनदासः आसीत् । कस्तूरबा नामधेया महिल्या सह अस्य विवाहः अभवत् । सत्यम्, अहिंसा लोकसेवा च अस्य जीवनस्य प्रमुखाः आदर्शाः आसन् । सः विना रक्तपातम् अहिंसात्मक सत्याग्रहेण भारतदेशं स्वतंत्रम् अकरोत् ।

I. एकपदेन उत्तरत - 2 × 1 = 2

(क) गांधिनः जन्म कुत्र अभवत् ?

(ख) गांधी महोदयस्य माता का आसीत् ?

II. पूर्णवाक्येन उत्तरत - 2 × 2 = 4

(क) गांधी महोदयस्य जीवनस्य आदर्शाः के आसन् ?

(ख) गांधी महोदयः कथं भारतदेशं स्वतंत्रम् अकरोत् ?

III. अस्य गद्यांशस्य एकं समुचितं शीर्षकं लिखत । 1

(ब) भारतवर्षे षट् ऋतवः सन्ति । तेषु वसन्तः ऋतुराजः कथ्यते । चैत्रे वैशाखे च मासे वसन्तस्य ऋतुः भवति । वसन्ते द्वौ प्रमुखौ उत्सवौ भवतः वसन्तोत्सवः होलिकोत्सवः च । वसन्तोत्सवे सर्वत्र प्रमादो भवति । नराः नार्यः च सर्वत्र गायन्ति नृत्यन्ति च । होलिकोत्सवः फाल्गुन-मासस्य पूर्णिमायां भवति । हर्षातिरेकेण नराः नार्यः युवानः वृद्धाः बालकाः च प्रसन्नाः जायन्ते । जनाः परस्परं रक्तवर्णं रक्तचूर्णं च प्रक्षिपन्ति । द्वेषं विस्मृत्य सर्वे परस्परं मिलन्ति ।

I. एकपदेन उत्तरत – $2 \times 1 = 2$

(क) भारते कति ऋतवः सन्ति ?

(ख) वसन्तस्य ऋतुः कदा भवति ?

II. पूर्णवाक्येन उत्तरत – $2 \times 2 = 4$

(क) होलिकोत्सवे नराः नार्यः किं कुर्वन्ति ?

(ख) होलिकोत्सवः कदा भवति ?

**अथवा**

मानवः सामाजिकः प्राणी अस्ति । सः समाजं विना स्थातुं न शक्नोति । समाजे सः अन्यान् अनुकरोति । स यादृशैः सह उपविशति तादृशः एव भवति । गुणवतां संगेन गुणी भवति, दुष्टानां च संगेन दुष्टः भवति । कुसंगस्य दुष्प्रभावः भवति । अतः मानवेन सतां संगतिः करणीया दुर्जनानां संगतिः च परिहरणीया ।

I. एकपदेन उत्तरत - $2 \times 1 = 2$

(क) मनुष्यः गुणवतां संगेन कीदृशः भवति ?

(ख) मानवेन केषां संगतिः करणीया ?

II. एकवाक्येन उत्तरत - $2 \times 2 = 4$

(क) मानवेन किम् कर्तव्यम् ?

(ख) मनुष्यः कं विना स्थातुं न शक्नोति ?

## संस्कृते पत्रलेखनम्

**( 08 अंक )**

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखें : $2 \times 4 = 8$

(i) अपने विद्यालय द्वारा आयोजित वनभोज कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु पिता से अनुमति माँगते हुए संस्कृत में एक पत्र लिखें ।

(ii) छात्रावास में स्थान प्राप्ति हेतु विद्यालय प्राचार्य को आवेदन-पत्र संस्कृत में लिखें ।

(iii) निर्धन छात्रकोष से आर्थिक मदद की माँग करते हुए विद्यालय के प्राचार्य को संस्कृत में आवेदन पत्र लिखें ।

(iv) जन्म दिवस की बधाई देते हुए अपने भाई को संस्कृत में पत्र लिखें ।

## संस्कृते अनुच्छेद - लेखनम्

**( 13 अंक )**

3. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर सात वाक्यों में एक अनुच्छेद लिखें : 1 × 7 = 7

(क) जलसंरक्षणम्

(ख) मम प्रियः शिक्षकः

(ग) महाभारतम्

(घ) मम प्रियनेता

(ङ) रक्षाबंधनपर्वः ।

4. अधोलिखित में से किन्हीं **छः** वाक्यों का अनुवाद संस्कृत में करें : 6 × 1 = 6

(क) तुम घर जाओ ।

(ख) प्रजा राजा को नमस्कार करती है ।

(ग) गुरु शिष्य के साथ घूमता है ।

(घ) मुझे पुस्तक पढ़नी चाहिए ।

(ङ) राजा सेनापति के साथ यहाँ आया ।

(च) विवाद मत करो ।

(छ) बालक को फल अच्छा लगता है ।

(ज) वह पढ़ने के लिए विद्यालय जाता है ।

(झ) राजा राज्य को चोर से बचाता है ।

(ञ) हिमालय से गंगा निकलती है ।

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**( 16 अंक )**

5. अधोलिखित में से किन्हीं **आठ** प्रश्नों के उत्तर दें : 8 × 2 = 16

(क) नदी और विद्वान् में क्या समानता है ?

(ख) पाटलिपुत्र के वैभव पर प्रकाश डालें ।

(ग) 'अलस कथा' पाठ से क्या शिक्षा मिलती है ?

(घ) विजयांका को 'सर्वशुक्ला सरस्वती' क्यों कहा गया है ?

(ङ) भारतीय लोगों की सर्वाधिक महत्वपूर्ण विशेषता क्या है ?

(च) मनुष्य के जीवन में संस्कारों की क्या उपयोगिता है ?

(छ) पंडित किसे कहा गया है ?

(ज) कर्मवीर कौन था एवं उसके जीवन से हमें क्या शिक्षा मिलती है ?

(झ) समाज के उन्नयन में स्वामी दयानंद के योगदानों पर प्रकाश डालें ।

(ञ) श्रीराम के प्रकृति सौंदर्य बोध पर अपने विचार लिखें ।

(ट) धन और दवा किसे देना उचित है ?

(ठ) दानवीर कर्ण के चरित्र पर प्रकाश डालें ।

(ड) राष्ट्रसंघ की स्थापना का उद्देश्य स्पष्ट करें ।

(ढ) विश्वशांति का सूर्योदय कब होता है ?

(ण) भारतीय दर्शनशास्त्र एवं उनके प्रवर्त्तकों की चर्चा करें ।